तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 17.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 10 अक्टूबर, 2025

14 अंबाला में विश्व हिन्दू परिषद का मेहंदी कार्यक्रम



14 रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा : डा. रोहित दत्त



## खबर संक्षेप

### रिक्शा चालक की संदिग्ध मौत

**पानीपत।** खटीक बस्ती में किराए के मकान में रहने वाले रिक्शा चालक पन्ना लाल मूल निवासी गोंडा, उत्तर प्रदेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने पन्ना लाल की मौत के कारण जानने के लिए उसके शव का पोस्टमार्टम करवाया है। इधर, पन्ना लाल की मौत से उसकी पत्नी पुनीता देवी व बेटियों का रो रो कर बुला हाल है। माना जा रहा है कि हृदयघात के कारण पन्ना लाल की मौत हो है।

### युवक की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस ने दीनानाथ कॉलोनी में अंकित की गंडासी मारकर हत्या करने के दो आरोपियों आकाश व नीशु को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, थानेदार मुकेश ने बताया कि थाना तहसील कैंप में गांव पाजू जीन्द हाल दीनानाथ कॉलोनी निवासी प्रेमो पत्नी हवा सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, पुलिस ने कोर्ट से दोनों आरोपियों को पांच दिन के रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से वारदात में शामिल फरार इनके साथी आरोपियों के ठीकानों का पता लगा काबू करने व गंडासी बरामद करने का प्रयास करेगी।

### दुष्कर्म का आरोपी पिता बंगाल से गिरफ्तार

**पानीपत।** पुलिस टीम ने किशोरी से दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे पीड़िता के 10 हजार के इनामी आरोपी पिता को पश्चिम बंगाल के वर्धमान से गिरफ्तार कर लिया है। अगस्त 2021 में थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी 14 वर्षीय किशोरी के साथ उसके ही पिता ने दुष्कर्म किया था। वहीं, महिला थाना में आरोपी पिता के खिलाफ केस दर्ज है। पानीपत पुलिस की अनुशंसा पर पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडर ने आरोपी की गिरफ्तार पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का दुबई में हुआ स्वागत

# प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए अनुकूल माहौल

*पूर्व मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों को हरियाणा में निवेश करने का आमंत्रण देते हुए कहा कि राज्य औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- गुरुप्रसाद सिंह की अगुवाई में संगत ने किया सम्मान

केंद्रीय शहरी विकास मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का दुबई में भव्य स्वागत किया गया। दुबई के श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारे में हजारों श्रद्धालुओं और उद्योगपतियों ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन दुबई की सिख संगत और हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व कार्यकारी सदस्य व प्रसिद्ध उद्योगपति सरदार गुरुप्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार कंघारी साहब, एस.पी. सिंह ओबेरॉय, बिक्रमजीत सिंह सहित प्रभलीन सिंह ने मनोहर लाल को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। संगत द्वारा मिले इस अपार स्नेह से केंद्रीय मंत्री भावुक नजर आए।

### भारत 5वीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति

मनोहर लाल ने कहा कि भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है और हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। राज्य में निवेश और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण है। उन्होंने उपस्थित उद्योगपतियों को हरियाणा में निवेश करने का आमंत्रण दिया। आयोजक गुरुप्रसाद सिंह ने कहा कि मनोहर लाल सच्चे अर्थों में जनसेवक हैं और उनकी सादगी ने हरियाणा के साथ-साथ सिख समाज में भी गहरा सम्मान अर्जित किया है।



**करनाल।** केंद्रीय शहरी विकास मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का दुबई में स्वागत किया गया।

### किशोरी ने बच्चे को जन्म दिया, जांच शुरू

**पानीपत।** गांव की निवासी नाबालिग लड़की ने पानीपत के सिविल अस्पताल में एक बच्चे को जन्म दिया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने सिविल अस्पताल में किशोरी द्वारा बच्चे को जन्म देने की सूचना संबंधी विभागों को दी। सूचना मिलने पर जिला बाल संरक्षण समिति ने जांच शुरू कर दी है।

- अस्पताल पहुंची जिला बाल संरक्षण समिति

इधर, जिला बाल संरक्षण समिति के सदस्यों ने बताया कि मामला तब सामने आया जब लड़की प्रसव पीड़ा के चलते सिविल अस्पताल पहुंची। मेडिकल जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि दस्तावेज में उसकी उम्र 15 वर्ष है। डॉक्टरों ने सुरक्षित प्रसव कराया। जिला बाल संरक्षण समिति अध्यक्ष केदार दत्त कौशिक ने बताया कि सिविल अस्पताल में पंद्रह साल की किशोर ने बच्चे को जन्म दिया है। वहीं, जच्चा व बच्चा, अस्पताल प्रशासन की निगरानी में है। किशोरी द्वारा बच्चे को जन्म देने का मामला बहुत ही संवेदनशील है। यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि उसके गर्भवती होने के पीछे की परिस्थितियां क्या थीं। थाना प्रभारी अनिल ने बताया कि सिविल अस्पताल में किशोरी द्वारा बच्चे को जन्म दिए जाने का रूक्का प्राप्त हुआ है।

## आईएमए के प्रेसिडेंट ने 40 टीबी मरीजों को लिया गोद



- प्रशासन व पुलिस ने जांच शुरू की

**करनाल।** सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी के मार्गदर्शन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) करनाल के अध्यक्ष डॉ. दीपक प्रकाश ने सेक्टर-13 स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में 40 क्षय रोग (टीबी) मरीजों को गोद लिया और उन्हें प्रोटीन युक्त पोषण सामग्री वितरित की। उप-सिविल सर्जन (टीबी) डॉ. सिम्मी कपूर ने बताया कि इस समय जिले में लगभग 2700 टीबी मरीज उपचाराधीन हैं। उन्होंने समाजसेवियों और संस्थाओं से अपील की कि वे भी टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण सामग्री प्रदान करें, ताकि भारत सरकार के "टीबी मुक्त भारत 2025" के लक्ष्य को समय पर पूरा किया जा सके। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरू ने बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है, जो मुख्यतः फेफड़ों को प्रभावित करता है और संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने या थूकने से फैलता है। यदि समय पर जांच और इलाज न कराया जाए तो एक मरीज 10 से 15 लोगों को संक्रमण दे सकता है। उन्होंने बताया कि जिला में नौ क्षय रोग केंद्र और 23 जांच केंद्र संचालित हैं, जहां बलगम की जांच निशुल्क की जाती है। भारत सरकार की निक्षय पोषण योजना के तहत प्रत्येक मरीज को एक हजार रुपये प्रतिमाह पोषण सहायता दी जाती है। इसके अतिरिक्त, किसी नए टीबी मरीज की सूचना देने वाले व्यक्ति को 500 रुपये प्रति केस प्रोत्साहन राशि दी जाती है। कार्यक्रम में डॉ. क्रांति, डॉ. पुनीत (डेंटल सर्जन), स्वास्थ्य कर्मी एवं टीबी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## फर्जी पे स्लिप पर बैंक से लोन लेकर हड़पे 13 लाख

- कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर पर फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर बन कर फर्जी पे स्लिप पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया नरवाना से 13 लाख रुपये का लोन लेकर हड़पने का मामला सामने आया है। नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेजों का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसबीआई बैंक मैनेजर रविंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कैथल निवासी अमित ने बैंक से 23 जनवरी 2023 को 13 लाख रुपये का लोन लिया था। जिसमें उसने खुद को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर बताया था। दस्तावेज भी सहायक प्रोफेसर के जमा करवाए थे। अमित ने पे स्लिप भी दस्तावेजों के साथ लगाई। लोन किस्त का भुगतान न होने पर जब दस्तावेजों की जांच की गई तो पे स्लिप फर्जी पाई गई।

# सुभाष पार्क में 74 लाख की लागत से बनेगा सिंथेटिक ट्रैक

- ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कार्य का किया शुभारंभ
- पार्क की भव्यता से अंबाला छावनी की बढ़ेगी खूबसूरती : विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी का सुभाष पार्क प्रदेश का ऐसा पहला पार्क होगा जहां पर सैर करने के लिए लोगों को सिंथेटिक ट्रैक की सुविधा मिलेगी।

विज वीरवार को सुभाष पार्क में एक किलोमीटर लंबे सीमेंट के वाकिंग ट्रैक पर 74 लाख रुपए की लागत से सिंथेटिक ट्रैक लगाने के कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भविष्य में बच्चों के लिए टॉय ट्रेन लगाने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी ताकि बच्चों को पार्क में और सुविधा मिल सके। इससे पहले मंत्री ने नारियल फोड़ते हुए सिंथेटिक ट्रैक (ईपीडीएम फ्लोरिंग) लगाने के कार्य का शुभारंभ किया। उनके यहां पहुंचने पर सुभाष पार्क कमेटी के चेयरमैन संजीव वालिया, ईओ देवेंद्र नरवाल ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। विज ने कहा कि सुभाष पार्क 1996 से पहले छावनी का सबसे गंदा स्थान होता था। कांग्रेस के लोगों ने भूमि को अपने नाम कराया। यहां प्लाट काट लिए थे। हमने लड़ाई लड़ी और हाईकोर्ट से जीते। हमने शहर के इस गंदे स्थान पर पार्क बनाकर इसे शहर का सबसे खूबसूरत स्थान बना दिया। अब हजारों लोग यहां सैर करने के लिए आते हैं। यहां अच्छा पार्क, झील, ओपन एयर थियेटर, स्केटिंग रिंग, झूले, जिम व अन्य सुविधाएं है। यहां सीमेंट का जो एक किलोमीटर लंबा वाकिंग ट्रैक है उसपर सिंथेटिक ट्रैक लगाने का काम किया गया है ताकि सैर करने वाले लोगों के घुटनों में दिक्कत न हो। इस जमीन को छुड़वाने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया, जलसे किए, धरने दिए, जुलूस निकाले व हाईकोर्ट तक लड़ाई लड़ी।



**अंबाला।** सिंथेटिक ट्रैव के निर्माण कार्य का जायजा लेते मंत्री अनिल विज।

## युवक ने महिला को होटल में ले जाकर किया दुष्कर्म

- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

युवक ने बहला फुसला कर महिला को थाना छप्पर क्षेत्र के एक होटल में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय महिला ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी मुनव्वर के साथ दोस्ती थी। गत चार अक्तूबर को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे अपने साथ थाना छप्पर क्षेत्र में एक होटल में लेकर गया। जहां आरोपी ने बहला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी उसे यमुनानगर छोड़कर चला गया। इसके बाद आरोपी फिर से उसके साथ संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### हजारों रुपये की हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने शहर की लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत 40 हजार रुपये है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पीएसआई सोनू ने बताया कि वह शाम छह बजे टीम के साथ शहर में गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि शहर की लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी में एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर जाकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 15 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

*आबादी के बीच पटाखों के गोदाम*

## बारूद के ढेर पर बैठा करनाल प्रशासन बना मौन दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

त्योहारों के सीजन में करनाल शहर की आबादी के बीच बने आतिशबाजी के गोदाम अब एक गंभीर खतरे के रूप में उभर रहे हैं। प्रशासन और पुलिस के सख्त निर्देशों के बावजूद यह गोदाम खुलेआम संचालित हो रहे हैं, जिससे हजारों लोगों की जान को खतरा बना हुआ है।

बजीदा रोड स्थित ब्रह्मानंद चौक, मेरठ रोड, काछवा रोड, सदर बाजार व आसपास के गांवों के पास बने आतिशबाजी के बड़े गोदाम किसी भी जानलेवा खतरे से कम नहीं है। ने प्रशासनिक मशीनरी की पोल खोल दी है। बाहर से देखने पर गोदाम का मुख्य गेट बंद रहता है, परंतु अंदरूनी दरवाजों से आतिशबाजी की बिक्री जारी रहती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से इन गोदामों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जबकि मुगल माजरा हादसे जैसी घटनाएं लोगों की याद में आज भी ताज़ा हैं। इन अवैध गोदामों में सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई है। अग्निशमन यंत्र, अग्निरोधक व्यवस्था या वेंटिलेशन तक की सुविधा नहीं है। छोटी सी चिंगारी भी यहां विनाशकारी विस्फोट में बदल सकती है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि अधिकांश गोदाम घनी आबादी वाले इलाकों में चल रहे हैं, जहां आसपास स्कूल, मकान और दुकानें स्थित हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, कई आतिशबाजी संचालकों को स्थानीय पुलिस और कुछ निचले स्तर के अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण कार्रवाई नहीं हो पाती। शहर में करीब दर्जनभर स्थानों पर ऐसे गोदाम संचालित हैं, जिनके खिलाफ वर्षों से शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन जांच के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जाती है। शहरवासी लगातार यह मांग कर रहे हैं कि प्रशासन तुरंत इन गोदामों को आबादी से बाहर शिफ्ट करे और सख्त कार्रवाई की जाए। अन्यथा किसी भी समय बड़ा हादसा पूरे करनाल को दहला सकता है।



## मिल में काम करते समय मजदूर के पैर पर चढ़ा ट्रक

- आपरेशन के दौरान घुटने के नीचे से काटनी पड़ी टांग
- आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के स्टार्च मिल में काम करते समय एक मजदूर के पैर पर ट्रक चढ़ गया। इंफेक्शन होने के कारण ऑपरेशन के दौरान घूटने के नीचे से मजदूर की टांग काटनी पड़ी। पुलिस ने घायल मजदूर की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव करेहड़ा खुर्द निवासी रामकुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह स्टार्च मिल में काम करता है। 29 सितंबर को वह स्टार्च मिल में काम पर गया था। काम करते हुए ट्रक चालक नफीस ने ट्रक का अगल पहिया उसके पैर के ऊपर चढ़ा दिया। जिससे उसका पैर पूरी तरह से कूचला गया। उसके अन्य साथी उसे इलाज के लिए अस्पताल में लेकर गए। जहां पर इंफेक्शन अधिक बढ़ जाने के कारण डॉक्टरों ने ऑपरेशन के दौरान घुटने के नीचे से उसकी टांग काटनी पड़ी। उसने आरोप लगाया की ट्रक चालक नफीस की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। उसने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी नफीस के

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का रत्नावली महोत्सव 28 अक्टूबर से

# 34 हरियाणवी विधाओं में कलाकार मचाएंगे धमाल

- सांस्कृतिक महाकुंभ में हरियाणवी खान-पान का तड़का भी लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से हरियाणा के कलाकारों का महाकुंभ रत्नावली हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय उत्सव का आयोजन 28 से 31 अक्टूबर तक किया जाएगा जिसमें 34 हरियाणवी विधाओं में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय/कॉलेज/संस्थानों के हजारों कलाकार भाग लेंगे।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष रत्नावली महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ करता है। रत्नावली महोत्सव कौशल और हरियाणवी संस्कृति का मिश्रण है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि रत्नावली समारोह हरियाणा ही नहीं अपितु पूरे विश्व में अपनी पहचान रखता है।

रत्नावली के माध्यम से हरियाणा की अनेक विधाओं को जन्म मिला है। रत्नावली पूरे हरियाणा के कलाकारों को मंच तो प्रदान करता ही है इसके साथ-साथ उनमें प्रतियोगिता की भावना को भी जन्म देता है। प्रो. विवेक चावला ने बताया कि रत्नावली समारोह इस वर्ष भी युवा कलाकारों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। रत्नावली युवा छात्रों के लिए एक ऐसी कार्यशाला है जिसके माध्यम से अब तक हजारों युवाओं को मंच प्रदान किया जा चुका है।

रत्नावली उत्सव में जहां एक ओर हरियाणवी खान-पान का तड़का लगेगा वहीं पर दूसरी ओर हरियाणा की हस्तकला, पगड़ी, रसिया ग्रुप डांस के अलग-अलग स्वरूप देखने को मिलेंगे।

### लूर हरियाणवी ग्रुप डांस रहेगा आकर्षण का केंद्र

*लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस वर्ष 34 हरियाणवी विधाओं में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय/कॉलेज/संस्थानों के हजारों कलाकार भाग लेंगे जिसमें वाद-विवाद प्रतियोगिता, हरियाणवी चुटकले प्रतियोगिता, हरियाणवी स्किट, हरियाणवी लोकगीत, हरियाणवी भजन, रागनी, हरियाणवी आर्केस्ट्रा, हरियाणवी फोक इंस्ट्रूमेंट, हरियाणवी वन एक्ट प्ले प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी इसके साथ ही प्रतिभागी आन द स्पाट पेंटिंग, पेंटिंग प्रदर्शनी, हरियाणवी फोक कॉस्टयूम, हरियाणवी सोलो डांस, हरियाणवी ग्रुप डांस, ग्रुप सांग, हरियाणवी कविता, हरियाणवी पाप सांग, चौपाल, आभूषण कला प्रदर्शनी, रसिया ग्रुप डांस, हरियाणवी क्विज, शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता, हरियाणवी पगड़ी बंधाओं प्रतियोगिताओं, हरियाणवी रीति-रिवाज प्रतियोगिता, ड्यूट रागिनी, फॉक हेंडीक्राफ्ट, बोहिया फुलझडी, पिड़ा, बंदरवाल व इंडी बनाओ प्रतियोगिताओं, लूर हरियाणवी ग्रुप डांस, हरियाणवी फैशन शो का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक प्रतिभागी भाग ले सकें व महोत्सव का आयोजन बड़े स्तर पर हो इसके लिए युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से तैयारियां चल रही हैं।*

### रुमल हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने रुमल हत्या मामले में तीन आरोपियों देवी प्रसन उर्फ दीपक उर्फ सेठी वासी इस्माईलाबाद,आर्यन उर्फ बलैकिया वासी ठोल व अजय उर्फ काला उर्फ गांधी वासी कंगवाल जिला अम्बाला को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

4 अक्टूबर को सौरभ वासी मलिकपुर ने पुलिस को बताया कि वह पेहवा में स्थित एक सैलुन पर काम करता है। उसने बताया कि रुमल उसका चाचा लगता है और वह भी पेहवा में मेहनत मजदूरी का काम करता है। दिनांक 4 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे उसके पास फोन आया कि उसका चाचा तथा एक अन्य व्यक्ति राम विश्वास मोटरसाइकिल पर पेहवा से खाना लेने गये थे। उसी समय एक मोटरसाइकिल पर चार लडकों से उनकी मोटरसाइकिल रुकवाकर उसके चाचा के ऊपर चाकू से हमला कर दिया है।

## गुरु नानक खालसा कॉलेज के सात छात्र कुवि की मेरिट सूची में शामिल



**करनाल।** मेरिट में आए विद्यार्थी, प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस एवं प्राचार्य डॉ. चूहड़ सिंह के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के एमएससी (भूगोल) चौथे सेमेस्टर के सात विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चूहड़ सिंह ने बताया कि शुभम ने 76.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, ज्योति ने 74.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, सचिन ने 74.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, आकांक्षा ने 73 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार जसमीन ने 71.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां, तान्या ने 69 प्रतिशत अंक लेकर आठवां और प्रज्ञा ने 68 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नौवां स्थान हासिल किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों प्रो. कीर्ति राणा, प्रो. कुलदीप सिंह और प्रो. विवेक चौधरी को दिया।

खबर संक्षेप

## नाचरौन में चार दिन से लापता व्यक्ति नहीं मिला



**रादौर।** जिले के रादौर क्षेत्र के गांव नाचरौन से चार दिन पहले अचानक लापता हुए व्यक्ति का अभी तक कहीं सुराग नहीं मिला है। लापता हुए व्यक्ति के परिजन उसकी तलाश में दर-दर भटकने के लिए मजबूर हैं। परिजनों ने पुलिस को शिकायत देकर उसकी तलाश करने के लिए गुहार लगाई है। नाचरौन निवासी पंडित यशपाल ने बताया कि उसका भाई रामपाल शर्मा (65) गत छह अक्तूबर को सुबह साढ़े आठ बजे के करीब घर से अचानक लापता हो गया। उन्होंने उसकी कई दिन तक तलाश की। मगर अभी तक कुछ पता नहीं चला है।

## चोरों ने दो दुकानों से चुराया लाखों का सामान

**यमुनानगर।** शहर के खजूरी रोड स्थित दो दुकानों के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। वहीं चोरों ने गांव ककडौनी से पंचायती भूमि पर खड़े पॉपुलर के 27 पेड़ चोरी कर लिए। गांव नागल निवासी रियासत खान ने शिकायत में बताया कि उसकी खजूरी रोड पर नॉर्दन धर्म कांटा के पास दुकान है। दुकान से 30 किलो तांबे की तार, चार बंडल पीवीसी तार, दो मोटरें, चार एमवीपीसी चोरी कर ली। पड़ोसी सलमान की मोबाइल की दुकान से छह मोबाइल चोरी कर लिए। चोरी हुए सामान की कीमत एक लाख रुपये है।

## 12 वर्षीय लड़की के साथ की अश्लील हरकत

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने 12 वर्षीय लड़की के साथ अश्लील हरकतें की। छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति की कुछ साल पहले मौत हो गई थी। उनके गांव का ही पप्पू उर्फ बलजीत सिंह उसकी लड़की पर गलत नजर रखे हुए था। सात अक्तूबर को रात आठ बजे लड़की गांव में किसी काम से गई थी। आरोपी बलजीत सिंह ने उसकी लड़की को पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## 2 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदारी

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला की सभी 13 अनाज मंडियों में धान की खरीद का कार्य सुचारू रुप से किया जा रहा है। जिला की सभी 13 अनाज मंडियों में अब तक कुल दो लाख दो हजार मीट्रिक टन धान खरीदी जा चुकी है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने वीरवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते दी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि सरकार द्वारा ग्रेड ए धान 2389 रुपये प्रति क्विंटल, कॉमन ग्रेड धान 2369 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक जिला की सभी 13 अनाज मंडियों में कुल दो लाख दो हजार 509 मीट्रिक टन धान खरीदी जा चुकी है। अभी एजेंसियों द्वारा खरीद जारी है।

### जिला सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन

# समस्या समाधान शिविर में सात लोगों ने रखीं शिकायतें, एसडीएम ने दिया आश्वासन

**नगराधीश पीयूष गुप्ता ने शिविर में सुनीं समस्याएं**



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में शिकायतें सुनते नगराधीश पीयूष गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

**सोमवार व वीरवार को लगता है शिविर**

*नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब यह शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। नगराधीश ने बताया कि जिलास्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर व्यासपुर छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में वीरवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगराधीश पीयूष गुप्ता ने की। शिविर में समाधान के लिए सात शिकायतें पहुंचीं। जिनका नगराधीश ने शीघ्र ही समाधान करने का आश्वासन दिया। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में प्राप्त हुईं शिकायतों में प्रमोद घई मिश्रा कॉलोनी निवासी ने प्रॉपर्टी आईडी को अलग करने बारे में शिकायत दी।

इसके साथ ही किरण गुप्ता दुर्गा कॉलोनी निवासी ने सफाई व्यवस्था व गली को पक्का करने बारे, जसपाल खारवन निवासी ने कच्चे मकान को पक्का करवाने के बारे में शिकायत दी। वहीं, सुंदर सिंह वर्कशॉप निवासी ने परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने बारे, मेवाराम बलाचौर निवासी ने खेतों में फैक्ट्री का पानी आने की समस्या बारे, संगीता ममीदी निवासी ने कच्चे मकान पक्के करवाने बारे, सपना मौर्य हुंडेवाला निवासी ने इंतकाल दर्ज करवाने बारे समस्या रखी। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहें। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें।

### जिला सचिवालय के पास यूपी सरकार का जलाया पुतला

# एनएसयूआई व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दलित उत्पीड़न पर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया(एनएसयूआई) व कांग्रेस के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश में एक दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के विरोध में वीरवार को जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। मौके पर उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला फूंककर विरोध जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई के जिला प्रधान आर्यन व कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं यमुनानगर विधानसभा के प्रत्याशी रहे रमन त्यागी ने किया। वीरवार को एनएसयूआई व कांग्रेस के सैकड़ों सदस्य जिला प्रधान आर्यन व कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे। रमन त्यागी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में एक दलित युवक की चोरी के शक में पीट-पीटकर बेदर्दी से हत्या कर दी गई। इस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

**योगी सरकार पर उठाए सवाल**

एनएसयूआई के जिला प्रधान आर्यन ने कहा कि भाजपा सरकार में अत्याचार चरम सीमा पर है। राहुल गांधी का नाम लेने पर यूपी में दलित व्यक्ति की मॉब लिंचिंग की गई। जिन्होंने यह काम किया वह योगी सरकार के आदमी थे। मौके पर कांग्रेस एससी सेल के जिला अध्यक्ष रोशन लाल ने कहा कि दलितों के ऊपर भाजपा सरकार लगातार अत्याचार कर रही है। अब दलित समाज जागरूक हो चुका है।

# बच्चों के लिए बनाएं संरक्षित माहौल : अनिल

■ हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग द्वारा स्टेकहोल्डर की बैठक का किया आयोजन



**यमुनानगर।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा आयोजित स्टेकहोल्डर की बैठक में मौजूद अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के तत्वावधान में वीरवार को बाल कल्याण समिति कार्यालय में बाल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विषयों को लेकर सभी स्टेकहोल्डर सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में आयोग सदस्य अनिल कुमार और श्याम शुक्ला ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं आयोग के सदस्य अनिल कुमार ने कहा कि हर बचपन सुरक्षित और संरक्षित हो इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। बच्चे अक्सर सही गलत का फर्क नहीं जानते हैं। ऐसे में इसकी पहचान करना जरूरी है। बच्चों को हमें आरंभ से ही जागरूक करना होगा। इसके लिए अचूक प्रयास करने होंगे। बैठक के दौरान सभी स्टेकहोल्डर को एक साथ मिलकर बच्चों के प्रति हो रहे अपराधों पर लगाम कसने के लिए एक सुरक्षित तंत्र बनाने के लिए आह्वान किया। आयोग सदस्य अनिल कुमार ने कहा कि सभी विभागों को समन्वय बनाते हुए बच्चों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करनी जरूरी है। अनिल कुमार ने कहा कि हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का उद्देश्य हर बचपन सुरक्षित करना और बाल संरक्षण प्रणाली सुनिश्चित करना है।

**बाल श्रम की रोकथाम जरूरी**

जिला स्तर पर मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। विभाग की ओर से स्पॉन्सरशिप एडॉप्शन फोस्टर केयर बाल देखरेख संस्थान आश्रय सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। वहीं जिले में बाल श्रम और बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। मौके पर आयोग के सदस्य श्याम शुक्ला ने कहा कि जब बचपन बेहतर होगा तभी एक बेहतर समाज की कल्पना की जा सकती है। बचपन हंसता खेलता हो इसके लिए भी समाज में बाल अपराध पर लगाम लगानी होगी। कम उम्र में काम करना अपराध ही नहीं अमानवीय कृत्य है, यह बच्चे का जीवन नष्ट कर देता है। मौके पर बैठक में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार, सदस्य बाल कल्याण समिति पूनम अग्रवाल, सदस्य बाल कल्याण समिति सुशील गुलाटी, सदस्य बाल कल्याण समिति एडवोकेट मोनिका, प्रीति शर्मा, डीएसपी यमुनानगर आदि मौजूद रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल की टीम बनी विजेता, गीता स्कूल द्वितीय

■ जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में हुआ प्रदर्शनी का आयोजन



यमुनानगर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ करते अतिथि व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में वीरवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान व तकनीकी क्षेत्र के अपने प्रोजेक्ट एवं इनोवेटिव मॉडल प्रदर्शित किए। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान की भावना को विकसित करना था।

विज्ञान प्रदर्शनी में न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर की टीम को पहला, गीता आवासीय विद्यालय को दूसरा तथा विजडम वर्ल्ड स्कूल कुरुक्षेत्र को तीसरा स्थान मिला। प्रदर्शनी में बच्चों ने जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, स्वचालित प्रणालियां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आधुनिक सिंचाई व रोबोटिक्स पर मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने दैनिक जीवन को सरल बनाने वाली तकनीकों पर फोकस किया।

**नई सोच व अनुसंधान की दिशा में सकारात्मक प्रयास**

संस्थान के निदेशक डॉ.संजीव कुमार गर्ग ने कहा कि ऐसी विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों में नई सोच और अनुसंधान की दिशा में सकारात्मक प्रयासों को प्रेरित करती है। वहीं यह विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा और टीम वर्क की भावना को बढ़ाती है। कार्यक्रम संचालन में डॉ.विकास, डॉ.नवदीप तथा प्रियंका शर्मा ने मुख्य योगदान दिया।

# कार्तिक मास में पूजा-पाठ करने से प्रभु की मिलती है विशेष कृपा



**यमुनानगर।** श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कॉलोनी में कथा कहते हुए कथाव्यास पंडित नवनीत शास्त्री।

■ शहर के रामपुरा स्थित श्री हनुमान मंदिर में चल रही कार्तिक मास की कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कॉलोनी में चल रही कार्तिक मास की कथा में कथाव्यास पंडित नवनीत शास्त्री ने श्रद्धालुओं को इस मास में पूजा पाठ करने का महत्व बताया। मौके पर भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रभु का गुणगान किया गया। भगवान कार्तिक की महिमा का गुणगान किया गया।

कथाव्यास पंडित नवनीत शास्त्री ने बताया कि कार्तिक मास भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने का सबसे शुभ समय माना जाता है। इस मास में सुबह-सुबह स्नान करके भगवान विष्णु और भगवान श्रीकृष्ण की विधिपूर्वक पूजा करने का विशेष महत्व है। तुलसी की पूजा और दीपदान करने से भी घर में सकारात्मक ऊर्जा और शांति का वातावरण बनता है। यह मास अपने आप में आध्यात्मिक ऊर्जा का खजाना है, जो भक्तों को जीवन में सुख-शांति और समृद्धि प्रदान करता है।

### ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट शिक्षण संस्थान में कैंपस प्लेसमेंट

# कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 10 विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचनौर (रादौर) में बीबीए और बीसीए के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में जेएसटी आउटसोर्सिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। इस दौरान दस विद्यार्थियों का चयन किया गया। कंपनी के एचआर एग्जीक्यूटिव नमन और आंचल द्वारा विद्यार्थियों को सबसे पहले विस्तार से जानकारी दी। कंपनी की कुरुक्षेत्र शाखा की एचआर चारुल मुंजाल ने प्रक्रिया संपन्न की। कुल 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इनमें से पांच विद्यार्थियों को मोहाली लोकेशन और पांच विद्यार्थियों को कुरुक्षेत्र लोकेशन के लिए चयनित किया गया।



**यमुनानगर।** ग्लोबल रिसर्च शिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों का साक्षात्कार लेते हुए।

**मोहाली व कुरुक्षेत्र में मिला मौका**

*चयनित विद्यार्थियों में मोहाली लोकेशन के लिए रोनित कुमार यादव, महिमा, दिव्या, प्रिंसी बीबीए से और राहुल सैनी (बीसीए) से चयनित किए गए। वहीं, कुरुक्षेत्र लोकेशन के लिए अमित कुमार, मोनी, बीबीए से तथा चांदनी, हर्षिता शर्मा और भोविश बीसीए से चयनित हुए। संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने सभी चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, लगन और संस्थान द्वारा प्रदान किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का परिणाम है। संस्थान के समूह निदेशक डॉ. अश्वनी कुमार ढींगरा ने कहा कि संस्थान सदैव विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जोड़ने, उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने और रोजगारोन्मुख शिक्षा के माध्यम से उनके कॅरियर को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है*

# मानसी बनी मिस फ्रेशर व गीतांशु को मिला मिस्टर फ्रेशर का खिताब




हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा इंजीनियरिंग कॉलेज जगाधरी में वीरवार को फ्रेशर पार्टी व टैलेंट शो का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। मौके पर मानसी को मिस फ्रेशर व गीतांशु को मिस्टर फ्रेशर चुना गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सोलो सिंगिग, सोलो डांस, ड्यूएट डांस, ग्रुप डांस तथा कविता पाठ में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सिंगिंग में बीटेक कम्प्यूटर साइंस कोर्स की मनीषा को पहला पुरस्कार मिला, जबकि ड्यूएट डांस में चांदनी व गायत्री को प्रथम स्थान दिया गया। अषिता ऑबराय व रिधिमा दूसरे स्थान पर रही। सोलो डांस में बीटेक की छात्रा मानसी प्रथम व पलक द्वितीय रही। ग्रुप डांस में बीटेक थर्ड ईयर का ग्रुप पहले व फर्स्ट ईयर का ग्रुप दूसरे स्थान पर रहा। प्रस्तुत कार्यक्रमों ने सभी को काफी आकर्षित किया। कॉलेज के डीन अकादमिक इंजीनियर मनप्रीत सिंह व रजिस्ट्रार प्रतिभा ने छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर डॉ. शैली, डॉ. अनिता जैन, इंजीनियर अनुष्का नागपाल आदि मौजूद थे।

# अलाहर की दिशा व रियांश ने जीती शॉटपुट प्रतियोगिता

■ इंडियन पब्लिक स्कूल रादौर में हुआ खंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

इंडियन पब्लिक स्कूल रादौर में वीरवार को खंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान दि यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, जबकि बीईओ रमेश कुमार वशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लड़कियों की शॉटपुट प्रतियोगिता में सरकारी स्कूल अलाहर की छात्रा दिशा प्रथम, अंटावा की छात्रा राधिका द्वितीय रही। हाई जंप प्रतियोगिता में सरकारी स्कूल घिलौर की छात्रा मानसा प्रथम व दीपा दूसरे नंबर पर रही। रिले रेस में सरकारी स्कूल रादौर प्रथम व जठलाना दूसरे स्थान पर रहा। लड़कों की शॉटपुट प्रतियोगिता में अलाहर का छात्र रियांश प्रथम व बापा का छात्र ईशान दूसरे नंबर पर रहा। हाई जंप प्रतियोगिता में अलाहर का छात्र लवि प्रथम व जठलाना का नहीद खान दूसरे नंबर पर रहा।



**यमुनानगर।** इंडियन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते आयोजक।

**प्रतियोगिता से बच्चों का होता है संपूर्ण विकास**

धर्म सिंह ने कहा कि बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताएं जरूरी हैं। इस तरह की प्रतियोगिता से ही बच्चे मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बनते हैं। इस अवसर पर बीईओ रमेश कुमार ने चेयरमैन धर्म सिंह बंचल को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

### जिले में मेहंदी रचाने वालों ने जगह-जगह टेंट लगाए

# करवा चौथ की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने हाथों पर रचाई मेहंदी

**महिलाओं ने पर्व को लेकर जमकर खरीदारी की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

करवाचौथ की पूर्व संध्या पर वीरवार को दिन भर बाजारों में महिलाओं की भीड़ रही। इस पर्व के लिए महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। ट्विन सिटी समेत जिले के कस्बों व ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह बनाए गए अस्थाई स्टालों पर पहुंचकर महिलाओं ने अपने हाथों पर आकर्षक मेहंदी रचवाई। वीरवार सुबह से ही छोटी दुकान हो या फिर हो बड़ा शोरूम, हर तरफ महिलाओं की भीड़ दिखाई दे रही थी। इस दौरान या तो महिलाएं खरीदारी कर रही थी या फिर अपने हाथों में मेहंदी लगवाने में मशगूल थी। एक से बढ़कर एक मेहंदी के डिजाइन हाथों पर बनवाए जा रहे थे।

जहां कुछ दुकानदारों ने मेहंदी लगाने के लिए मनचाहे दाम वसूले तो कई स्थानों पर दुकानदारों ने निःशुल्क मेहंदी लगवाने के लिए स्टाल सजा रखे थे। जहां पर लड़कियां विशेष रूप से मेहंदी लगाने के लिए बैठी हुई थीं।



**यमुनानगर।** वीरवार को करवाचौथ की पूर्व संध्या पर मेहंदी लगवातीं महिलाएं।

**निःशुल्क लगाई मेहंदी**

करवा चौथ को लेकर जहां दुकानदारों ने मेहंदी लगाने के लिए महिलाओं से चार्ज लिया, वहीं कुछ स्थानों पर अस्थाई स्टाल लगाकर समाजसेविकाओं ने महिलाओं को निःशुल्क मेहंदी लगाई। शहर में बुटिक पार्लर चलाने वाली सुरेखा कौल ने बताया कि हर वर्ष करवाचौथ के मौके पर वह निःशुल्क स्टाल लगाकर महिलाओं को मेहंदी लगाने का कार्य करती हैं। पिछले सात सालों से वह इस तरह के स्टाल लगा रही हैं। उनका कहना है कि कई लोग इस दिन का फायदा उठाकर मनचाहे दाम वसूल रहे हैं। लेकिन वह इस दिन निःशुल्क स्टाल लगाकर महिलाओं को सेवाएं दे रही हैं।

**पहले व्रत को लेकर दिखा उत्साह**

शहर के मॉडल टाऊन निवासी कृष्णा, सुमित्रा, रजनी, निशा, प्रीति व कमला आदि ने बताया कि उन्हें मेहंदी लगवाने का काफी शौक है। ऐसे में जहां तक हो सके वे कोशिश कर रही हैं अच्छे से अच्छा डिजाइन बनवा सकें। पहली बार करवा चौथ का व्रत रखने वाली सोनिया व किवी बंसल ने बताया कि उनका पहला करवाचौथ है। इसलिए उनमें काफी क्रेज है। इसे अच्छे तरीके से मनाने के लिए वह काफी खरीददारी भी कर रही हैं।

## खबर संक्षेप

### महेंदी प्रतियोगिता में अंबिका-हेमलता प्रथम

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की पारंपरिक कला और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गुरुवार को महेंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसमें बीएएमएस प्रथम वर्ष की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पप्रतियोगिता में बीएएमएस प्रथम वर्ष की छात्रा अंबिका और हेमलता ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरा स्थान पूजा को मिला, जबकि गायत्री तीसरे स्थान पर रहीं।

### उदयन शालिनियों ने किया प्रेरणा वृद्धाश्रम का भ्रमण



**कुरुक्षेत्र।** दान उत्सव सप्ताह के उपलक्ष्य में उदयन शालिनी फेलोशिप प्रोग्राम कुरुक्षेत्र की ओर से डॉ. सुषमा शर्मा एवं डॉ. राम निवास के मार्गदर्शन में प्रेरणा वृद्धाश्रम, कुरुक्षेत्र का दौरा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शलिनियों में सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करना व प्रोत्साहित करना रहा। वृद्धाश्रम पहुंचने पर संस्था की चेयरपर्सन रेनू खुग्गर ने सभी शलिनियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### छात्रों ने किया राज्य स्तरीय कानून प्रदर्शनी का भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर, लाडवा के विद्यार्थियों ने आज कुरुक्षेत्र के मेला ग्राउंड में आयोजित 3 नये कानूनों की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों में विधिक जागरूकता और सामाजिक समझ बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कृष्मन सिंह सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर, सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर स्थापित एक अग्रणी प्रशिक्षण केंद्र है, जिसका उद्देश्य युवाओं को आधुनिक कौशलों के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का भी बोध कराना है।

### केयू में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग और पंजाबी विभाग के बाबा बंदा सिंह बहादुर चेयर के संयुक्त तत्वावधान में 10 अक्टूबर 2025 को प्रातः 9 बजे बाबा बंदा सिंह बहादुर जी की भारतीय इतिहास को देनह्व विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सीनेट हाल में किया जाएगा। इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर ने बताया कि इस अवसर पर देशभर के प्रसिद्ध इतिहासकार, शोधार्थी और विद्यार्थी शामिल होंगे, जो बाबा बंदा सिंह बहादुर जी के जीवन, उनके अद्वितीय योगदान और भारतीय इतिहास में उनके महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि बाबा बंदा सिंह बहादुर को भारतीय इतिहास में एक महान योद्धा, समाज सुधारक और सिख धर्म के प्रेरणास्रोत के रूप में जाना जाता है।

## मेहंदी की दुकानों के साथ ब्यूटी पार्लर पर भी दिखी भीड़

# करवा चौथ की पूर्व संध्या पर बाजारों में दिखी रौनक, जमकर हुई खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आज करवाचौथ पर्व है। इस दिन कोई अपने सुहाग की दीघार्यु के लिए तो कोई चांद सा पति पाने की कामना से इस कठोर व्रत को रखेगा। मुख्य तौर पर सुहागिनों द्वारा रखे जाने वाले व्रत को लेकर कुंवारी युवतियों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं, करवाचौथ की पूर्व संध्या पर बाजार में खूब खरीदारी हुई। बाजार में मनियारी और मेहदी लगाने के साथ ब्यूटी पार्लर और बुटीक देर रात तक खुले रहे। करवाचौथ व्रत को सुहागिनें अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए रखती हैं। सुबह सरगी खाने के बाद व्रत शुरू करने के बाद दिनभर निराहार व निर्जल रह व्रत करेंगी। महिलाओं द्वारा रखा जाने वाला यह व्रत कठोर व्रतों में से एक है। दिनभर इस व्रत को करने के बाद शाम को चंद्र उदय होने पर सुहागिनें चंद्र देव को अर्घ्य देकर अपना व्रत पूर्ण करेंगी और पति के हाथों से जल और अन्न ग्रहण कर उपवास संपन्न करेंगी। करवाचौथ का पूर्व संध्या पर बाजारों में खूब उत्साह देखने को मिला। इस दौरान शहर के तमाम छोटे बड़े बाजारों में खूब भीड़ व रौनक दिखाई दी। पर्व को लेकर महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। पूर्व संध्या पर सबसे ज्यादा भीड़ कपड़ों, मिठाइयों, ब्यूटी पार्लर व मेहंदी आर्ट की दुकानों व स्टालों पर देखने को मिली।



**कुरुक्षेत्र।** करवा चौथ को लेकर खरीदारी करती महिलाएं।

### महिलाओं में उत्साह

*इसके अलावा मनियारी, पटवा व आर्टिफिशियल ज्वेलरी शॉप पर भी काफी भीड़ रही। त्योहार का उत्साह महिलाओं में देखते ही बनाता है। इससे व्यापारियों व दुकानदारों में भी भारी उत्साह है। त्योहार के कारण वीरवार को बाजार सुबह जल्दी खुल गए। जबकि देर रात तक दुकानें खुली रहीं और भीड़ देखने को मिली। अधिकांश महिलाएं घर का काम निपटने के बाद देर शाम को बाजार मेहंदी लगाने पहुंची। बाजारों में सूट, साड़ियां, कालीन, गहने, सौंदर्य, चूड़ियां व अन्य सामान आकर्षण के केंद्र बने रहे। करवा चौथ के कारण जहां दुकानों व ब्यूटी पार्लर्स पर मेहंदी लगाने की सुविधा रही। वहीं शहर में जगह जगह मेहंदी लगाने के स्टाल लगे हुए दिखाई दे रहे हैं।*

### सजना के दीदार के लिए सजी सुहागिनें

*पिहोवा। करवा चौथ पर्व को लेकर सुहागिनों के चेहरो पर खुशी की झलक साफ दिखाई दे रही है। सजना के दीदार के लिए सजी सुहागिनें जब चांद को अर्घ्य देकर व्रत खोलती है तो वह पल भक्ति, प्रेम और समर्पण का अद्भुत संगम बन जाता है। मोनिका शर्मा शिक्षिका का कहना है कि करवा चौथ पर सजनें- सवरनें का आनंद तो होता ही है लेकिन सबसे बड़ी खुशी चांद निकलने के बाद पति के हाथों जल पीने से होती है। ज्योति गृहिणी ने कहा कि यह एक दिन का उपवास भले ही कठिन हो, लेकिन यह भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करता है। निशा रानी ने बताया कि परिवार एंव सखियों के साथ मिलकर करवा चौथ की रसमें निभाना आनंददायक अनुभव होता है। यह दिन पूरे साल की थकान मिटा देता है। शिक्षिका शीतल शर्मा का कहना है कि पूरा दिन मन केवल चांद के निकलने पर टिका रहता है। जब पति छलनी से मुस्कुराते हुए दिखाई देते हैं, वही पल सबसे खूबसूरत होता है।*

### नवविवाहितों के घर उत्सव का माहौल

करवा चौथ पर तैयार होने को लेकर महिलाओं में भारी होड़ देखने को मिल रही है। इसके लिए महिलाओं ने पहले से ही ब्यूटी पार्लर व सैलून में बुकिंग करवा रखी थी। वीरवार को इन स्थानों पर सबसे ज्यादा भीड़ रही। भीड़ के कारण इन स्थानों पर महिलाओं को काफी इंतजार भी करना पड़ा। देर रात तक ब्यूटी पार्लर व सैलून में महिलाओं के रूप सौंदर्य सज्जा का काम चलता रहा। वहीं अधिकांश महिलाओं ने रात को ही मेहंदी लगवाई, ताकि डिजाइन खराब न हो जाएं। सुहागिन महिलाओं द्वारा रखे जाने वाले इस व्रत को लेकर कुंवारी युवतियों में भी काफी उत्साह है। सुहागिनें जहां पति की लंबी आयु के लिए तो विवाह योग्य कुंवारी युवतियां चांद जैसा व मनचाहा पति पाने की कामना के साथ यह व्रत करती हैं। इस व्रत को लेकर सुहागिनें और कुंवारी लड़कियां दोनों ही मेंहदी लगाने से लेकर हार श्रृंगार के लिए ब्यूटी पार्लरों में सजने और संवरने में व्यस्त हैं। शादी के बाद जिन नवविवाहित लड़कियों का पहला करवाचौथ है। उनके घरों में तो उत्सव सा माहौल है और इस व्रत को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

### करवाचौथ भारतीय परंपरा का पौराणिक व आध्यात्मिक पर्व

करवाचौथ भारतीय परंपरा का पौराणिक व आध्यात्मिक पर्व है। इस दिन पूजा व व्रत का प्रावधान व विशेष महत्व है। ऐसे में इस त्योहार पर पूजन सामग्री इत्यादि की भी भारी खरीद होती है। वीरवार को करवा चौथ की पूर्व संध्या पर पूजन सामग्री की खरीदारी हुई। इस दौरान महिलाओं ने छलनी, मिठ्ठी, फेनियां, करवा, धूप, दीप, फूल मालाएं, फल सहित अन्य सामग्री खरीदी। इस दौरान मिट्टी के करवों के साथ धातु के करवों की भी मांग देखने को मिली।

## त्योहारी सीजन पर शहर को अच्छा लुक देने के लिए लगेंगी लाईटिंग

# टेंडर के माध्यम से की जाएगी 100 सफाई कर्मियों की नियुक्ति : सुधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि शहर को और ज्यादा स्वच्छ बनाने के लिए 100 सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति एक सप्ताह में टेंडर के माध्यम से की जाएगी, ताकि हमारा शहर और साफ-स्वच्छ और सुंदर हरा-भरा दिखाई दे। कुरुक्षेत्र सीएम सिटी व पर्यटन स्थली होने के कारण यहां आए दिन वीवीआईपी व अन्य गणमान्य लोगों का तो आना जाना लगा ही रहता है साथ ही में प्रतिदिन हजारों की संख्या में पर्यटक भी पहुंचते हैं। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा वीरवार को नगर परिषद थानेसर कार्यालय में अधिकारियों व पार्षदों के साथ शहर के विकास कार्यों व स्वच्छता को लेकर आयोजित बैठक में समीक्षा कर रहे थे।

### शहर की सुदरता को लगेंगे चार चांद

*पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि त्योहारी सीजन पर शहर को और अच्छा लुक देने के लिए शहर में लाइटिंग, रंग-बिरंगी लड़ीयां भी लगाई जाएगी, जिससे शहर की सुंदरता में चार चांद लग जाएंगे। इस अवसर पर कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार, एक्सईएन रवि ओबराये, एओ मनोज चहल, चेयरपर्सन के प्रतिनिधि के रूप मे पहुंचे मलकीत ढांडा, सचिव अरविंद कुमार, एमई मंगूराम, एमई जयपाल, सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार, के अलावा पार्षद मोहनलाल अरोड़ा, दुष्यंत बख्शी, गौरव भट, कमल किशोर, प्रेमनारायण अवस्थी, सतीश गर्ग, पंकज खन्ना, मनिंद्र छिंदा, धनराज, चेतन, कवि बजाज, सुधीर चुघ, मानक सिंह, सहित अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।*

### स्टे फिट ताइक्वांडो एकेडमी के बच्चों ने जीते 9 गोल्ड

**कुरुक्षेत्र।** नेशनल ताइक्वांडो और हिटकिड़ो प्रतियोगिता में स्टे फिट ताइक्वांडो एकेडमी के बच्चों ने 9 गोल्ड और एक सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। प्रतियोगिता का आयोजन पानीपत के डीएवी पुलिस लाइन में हुआ कोच सुजीत कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 10 राज्यों के सैकड़ो खिलाड़ी ने भाग लिया। कोच जतिन यादव ने बताया कि स्टे फिट साईं कमांडो अकैडमी के बच्चों ने जैस्मिन, राघव, विपिन, अभय, मनन, शिवांश, यशी, अक्षत, खुशमनदीप कौर, लैविश, शिवम, अंजलि, ने गोल्ड मेडल ईशानी वाली ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। कांग्रेस के युवा जिला अध्यक्ष कुलदीप ढिल्लों ने स्टेफिट ताईकमांडो एकेडमी के संचालक सुजीत कुमार को भी बहुत बधाई दी।

# रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब का 16वां दिवाली मेला आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

- तैयारियों को लेकर सदस्यों की बैठक का आयोजन

शहर की अंतर्राष्ट्रीय सामजिक संस्था रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब द्वारा दिवाली मेले का आयोजन किया जायेगा। प्रोजेक्ट चेयरमैन अंकुर गुप्ता ने बताया कि तीनो क्लबों द्वारा पहली बार इस वर्ष 10 अक्तूबर से 12 अक्तुबर तक शिवाला रामकुंडी में तीन दिवसीय दिवाली मेला आयोजित किया जाएगा जिसके लिए क्लब के सभी सदस्यों की एक बैठक क्लब प्रधान संजीव जिंदल की अध्यक्षता में रोटरी भवन में आयोजित की गयी। बैठक में दिवाली मेले की तैयारियों को लेकर चर्चा की गयी और विभिन्न कार्यों के लिए विभिन्न सदस्यों की जिम्मेदारियां लगाई गयी। क फोटो परिचय



### तीनों दिन मंचीय कार्यकम रहेंगे शामिल

*क्लब के प्रधान संजीव जिंदल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि लाडवा शहर को इस कार्यक्रम का इंतजार रहता है जिसमें तीनों दिन मंचीय कार्यक्रम भी शामिल रहेंगे। उन्होंने 10 अक्तुबर को करवा चौथ का त्यौहार वहीं मनाने के लिए क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया जहाँ युगल मनोरंजक गेम्स, नृत्य आदि का भरपूर आनंद लेने के साथ साथ पहली बार सामूहिक रूप से चाँद देख कर अर्घ दे पाएंगे। 11 अक्तूबर को जादूगर सम्राट गौरव अपनी जादू की कला से सबको मोहित करेंगे।*

### कुवि सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष बने ऋषिपाल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक परिषद की वार्षिक बैठक कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में फैकल्टी लॉज में सम्पन्न हुई। इस मौके पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि सांस्कृतिक परिषद संस्कृति के उत्थान में अहम्‌ भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विद्यार्थियों को साहित्यिक कार्यशाला, ललित कला कार्यशाला में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए और सभी को मिलकर अपनी भारतीय संस्कृति को बचाने का प्रयास करना चाहिए। बैठक में ऑडिटोरियम को अपग्रेड करने के लिए भी बजट का प्रावधान किया गया।

# तीनों नए आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी की देशभर में चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में नए आपराधिक कानूनों पर 260 फीट 130 फीट में लगी प्रदर्शनी अब की सबसे बड़ी व भव्य प्रदर्शनी में शुमार है। धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में प्रदेश की पहली ऐसी प्रदर्शनी लगी है, जिसमें कानूनी जांच प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन दिखाया जा रहा है। घटनाक्रम से लेकर जांच, तथ्य जुटाने, अस्पताल, जेल, कोर्ट की अनोखी प्रक्रिया के प्रदेशभर में चर्चा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के तीनों नए आपराधिक कानूनों पर आधारित है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इस प्रदर्शनी की योजना में करीब 15 दिन का समय लगा था।



**कुरुक्षेत्र।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते विद्यार्थी।

### कल होगा समापन

*उपायुक्त ने कहा कि इस प्रदर्शनी का 3 अक्टूबर को गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उद्घाटन किया था। इस प्रदर्शनी को 11 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला प्रशासन ने नए आपराधिक कानूनी पर लगी प्रदर्शनी के लिए एक अभिनव क्यूआर कोड-आधारित डिजिटल फीडबैक पोर्टल की शुरूआत की है। नागरिकों की सुविधा के लिए हिंदी व अंग्रेजी भाषा के माध्यम से उनकी प्रतिक्रिया जाननी हैं।*



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि।

### विज्ञान मेले में छाए नवयुग स्कूल के विद्यार्थी

**कुरुक्षेत्र।** श्री जय प्रकाश मुकुंद लाल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, रादौर में आयोजित विज्ञान मेले में नवयुग वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं विज्ञान के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने डिजास्टर मैनेजमेंट, कार्बन प्यूरीफिकेशन, वर्टिकल फॉर्मिंग, जैसे विषयों पर आधारित क्रियाशील मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों की सराहना की गई। सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र दिए गए और विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भौतिकी अध्यापिका कोमल और जीव विज्ञान अध्यापिका अंजलि ने किया। विद्यालय निदेशक श्री बी.डी. गाबा और प्राचार्य डॉ. देवेंद्र अरोड़ा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है।

# नमी के कठोर नियमों ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी : चौटाला

- पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने मंडी का किया दौरा और किसानों की समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



थानेसर अनाज मंडी में जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने किसानों की व्यथा सुनी और मंडी का दौरा किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई बारिश और मौसम की मार से किसानों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, और नमी के नाम पर कठोर नियम किसानों के लिए अतिरिक्त बोझ बन गए हैं। चौटाला ने स्पष्ट किया कि सरकार को तुरंत नमी के नियमों में ढील देनी चाहिए और किसानों को उनके मेहनत का उचित मुआवजा प्रदान करना चाहिए, ताकि उनकी कमाई और भविष्य सुरक्षित रहे। जेजेपी बार-बार यह मांग कर रही है कि खराब मौसम से प्रभावित किसानों को पूरा और न्यायसंगत मुआवजा मिले, लेकिन मौजूदा सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति बेपरवाह बनी हुई है। चौटाला ने कहा कि मंडियों में किसानों को नमी और तौल के नाम पर परेशान किया जा रहा है, जिससे किसानों में भारी रोष है।



**कुरुक्षेत्र।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर गंगवा से लते यूनियन के पदाधिकारी।

### मंत्री गंगवा से मिला ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन का प्रतिनिधिमंडल

**कुरुक्षेत्र।** ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन के प्रांतीय नेतृत्व की मीटिंग प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान के नेतृत्व में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर गंगवा के लिखित बुलावे पर सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में संपन्न हुई। मीटिंग में विभागीय तौर पर प्रमुख अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व अधीक्षण अभियंता और लोक निर्माण विभाग से अधीक्षण अभियंता व अधीक्षक व सहायक उपस्थित रहे। मीटिंग में अमरीक सिंह चट्ठा प्रांतीय महासचिव, रणवीर दलाल प्रांतीय चेयरमैन, जिले सिंह भडाना प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान, पवन रजाना प्रांतीय कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे। मीटिंग के दौरान प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान द्वारा कर्मचारियों की मांगों को लेकर बिंदु वार मजबूती से अपना पक्ष रखा गया ।



**कुरुक्षेत्र।** मांगों का ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### 25 को सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष रोष प्रदर्शन करेंगे कर्मचारी

**कुरुक्षेत्र।** 25 अक्टूबर को तमाम ऑनलाइन कार्यों के बहिष्कार के लिए बहुउद्धेश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन जिला कुरुक्षेत्र ने वीरवार को डिप्टी सीएमओ डॉ जगमेंद्र मालिक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के बाद जिला प्रधान ने बताया कि बहुउद्धेश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी निरन्तर जनहित में बिना किसी संसाधन के सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग अपने निजी मोबाईल से करने पर मजबूर हैं जिसके लिये विभाग व सरकार को कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन कोई समाधान न होने के कारण मजबूरन एसोसिएशन को बहिष्कार का फैंसला लेना पड़ा। जिला प्रधान ने बताया कि एनएचएम में कार्यरत एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों की जायज माँगो के लिए सरकार व विभाग से कई वर्षों से सैकड़ों बार पत्राचार व बातचीत हुई, लेकिन समाधान की बजाय हमेशा तय समझौतों पर हर बार वादा खिलाफी सरकार व विभाग की तरफ से की गई जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है और आंदोलन को मजबूर हैं।

**कार्यक्रम** रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा एवं सतलुज स्कूल के तत्वावधान में ट्रैफिक जागरुकता कैंप

## नशा व्यक्ति के जीवन, परिवार और समाज को करता बर्बाद

# सड़क सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी, इसलिए हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें : वत्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा एवं सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में ट्रैफिक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। रोटरी क्लब प्रधान एवं स्कूल प्राचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन ने अतिथि वक्ता का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।



**शाहबाद।** एसएचओ सुनील वत्स को सम्मानित करते आयोजक।

### साइबर क्राइम व नशे के दुष्प्रभावों के बारे बताया

कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता एस.एच.ओ. सुनील कुमार वत्स शाहाबाद मारकंडा ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है, इसलिए हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग हमेशा करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं और यातायात संकेतों का पालन करें। उन्होंने विद्यार्थियों को ड्रग्स के दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन, परिवार और समाज — तीनों को बर्बाद कर देता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाना चाहिए। इसके साथ ही एस.एच.ओ. वत्स ने साइबर क्राइम पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सावधान करते हुए कहा कि किसी भी अज्ञात नंबर से आने वाली कॉल या लिंक पर भरोसा न करें, किसी को भी अपनी व्यक्तिगत जानकारी या बैंक डिटेल साझा न करें, और यदि किसी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी हो तो तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करें।

### मुख्यातिथियों को किया सम्मानित

*कार्यक्रम के अंत में प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन एस. एस. खुराना ने सभी का धन्यवाद किया और मुख्य अतिथि का सम्मान किया। इस अवसर पर राजकुमार गर्ग, एस. एस. आहूजा, एस. सी. सिंगला, सुनील बावेजा, परवीन ठुकराल, स्कूल कोऑर्डिनेटर मनिंदर सिंह घुम्मन व मोनिका घुम्मन, उप-प्रधानाचार्य सतबीर सिंह, प्रबंधक मनोज भसीन सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।*

## खबर संक्षेप

### युवाओं को एड्स के बारे में किया जागरूक

**बराड़ा।** गांव नोहनी में स्थित मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षतारु एजूकेशन एंड लर्निंग फाउंडेशन (सेल्फ) की ओर से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को एचआईवी/एड्स और ड्रग एब्यूज (नशे के दुरुपयोग) के प्रति जागरूक करना और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी देना था। इनसे बचने का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता और सही जानकारी ही है।

### नुक्कड़ नाटक से नशे के दुष्परिणामों की दी जानकारी

**बराड़ा।** एमपीएन कॉलेज में एंटी ड्रग्स एवं टॉबेको सेल की ओर से नशा उन्मूलन विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने सशक्त अभिनय के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ, और संतुलित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

### नशा मुक्ति केंद्रों की हुई जांच

**अंबाला।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण द्वारा आज नशा मुक्ति केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायालय द्वारा केंद्रों में उपचार एवं पुनर्वास सेवाओं की गुणवत्ता, रहन-सहन की व्यवस्था, उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ-साथ अन्य यहां पर जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है उसका अवलोकन किया गया।

### युवाओं को ड्रोन की दी जाएगी ट्रेनिंग

**अंबाला।** अनुसूचित जाति के प्रार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ड्रोन पायलट ट्रेनिंग करवाई जाएगी। इसके लिए अनुसूचित जाति के वे आवेदक जिनकी परिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 3 लाख रूपये से अधिक न हो । आयु सीमा 18 से 45 वर्ष व शैक्षणिक योग्यता कम से कम 10वीं पास होनी चाहिए। हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के द्वारा ड्रोन पायलट ट्रेनिंग करवाई जानी है ।

### किसानों की खराब हुई फसल का मिलेगा मुआवजा

**पिहोवा।** खराब फसलों की गिरदावरी कर सरकार द्वारा वेरीफिकेशन कर किसानो को मुआवजे को लेकर मंडल आयुक्त अम्बाला राजीव वर्मा ने बुधवार को पिहोवा के गांव दिवाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों की बाढ़ व फिजी वायर्स के कारण खराब हुई फसल का निरीक्षण कर उन्हें मुआवजा देने बारे कहा गया। मंडल आयुक्त अम्बाला राजीव वर्मा ने कहा कि गांव दिवाना में लगभग 2100 एकड़ किसानो की फसल खराब पाई गई। सरकार के निदेर्शानुसार गिरदावरी करवा कर प्रभावित किसानों खराब फसल पर उन्हें मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि फसल खराबे की रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी जाएगी। किसानों द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी फसल के खराबे का पंजीकरण किया गया था।

---

### मेयर शैलजा सचदेवा ने लगवाई मेहंदी, कार्यकर्ता बहनों का किया सम्मान

# नारी स्वावलंबन और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था का संदेश

*छह स्थानों पर आयोजन: करवा चौथ के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा अंबाला शहर के 6 स्थानों पर मेहंदी लगाने के शिविर आयोजित किए गए।*

## अंबाला में विश्व हिंदू परिषद का मेहंदी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विश्व हिंदू परिषद के द्वारा अंबाला शहर में 6 स्थान पर करवा चौथ के उपलक्ष में महिलाओं को मेहंदी लगाने का कार्यक्रम रखा गया। इनमें से सबसे प्रमुख तौर पर अंबाला की पुरानी अनाज मंडी में वार्ड नंबर 9 में समाजसेवी सुशील गोयल पानीपत वालों के व्यवसाय स्थान सुशील ट्रेडिंग कंपनी के पास एक बड़े शिविर का आयोजन विश्व हिंदू परिषद के तत्वधान में किया गया।

विश्व हिंदू परिषद में इसके अलावा अंबाला शहर की पटेल रोड पर पतंजलि आरोग्य केंद्र , श्री राम मंदिर जीटी रोड, श्री नीलकंठ मंदिर सेक्टर 7 और चित्रकूट सोसायटी हरी पैलेस रोड पर मेहंदी लगाने के कार्यक्रम रखें।

इन कार्यक्रमों के द्वारा विश्व हिंदू परिषद ने संपूर्ण हिंदू समाज को अपने व्रत और त्यौहारों की पवित्रता और सुचित्रा बनाए रखने के लिए अनुरोध किया कि इन व्रत और त्यौहारों में धार्मिक सामग्री व्रत का सामान और मेहंदी लगाने जैसे कार्य विधर्मियों से न करवरकर हिंदू भाई बहनों से ही करवाए। विश्व हिंदू परिषद द्वारा चलाए गए मेहंदी लगाने के कार्यक्रमों में महिलाओं के स्वावलंब को बढ़ाने के लिए परिषद के द्वारा सभी व्यवस्था के कार्य किए गए थे जिसमें बैठने की स्थान मेहंदी की व्यवस्था वह सभी प्रकार की आवश्यकता है मेहंदी लगाने वाली कार्यकर्ता बहनों को निशुल्क दिलवाई गई।



**अंबाला।** महिलाओं के साथ मेहंदी लगवाती मेयर शैलजा सचदेवा।

### करवाचौथ पर हुई मेहंदी प्रतियोगिता


**अंबाला।** विजेता छात्राओं के साथ शिक्षक।

**अंबाला।** अंबाला शहर डीएवी महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में करवाचौथ के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 24 छात्राओं ने भाग लिया और शिक्षिकाओं की हथेलियों पर सुंदर-सुंदर डिजाइन बनाकर अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारे पारंपरिक त्यौहार हमारे लिए बहुमूल्य हैं। ये हमें हमारी संस्कृति और जड़ों से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रोफेसर शिवानी डावर कार्यक्रम की संयोजक रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ गरिमा सुमरान ने किया।

### कार्यक्रम में नारी स्वावलंबन और सनातन संस्कृति का संदेश

मेहंदी लगाने का जो भी शुल्क विभिन्न स्थानों पर लिया गया वह इन मेहंदी लगाने वाली कार्यकर्ता बहनों को ही दिया गया जिससे उनमें स्वावलंब की भावना के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने का भी कार्य किया गया। अनाज मंडी स्थित सुशील ट्रेडिंग कंपनी द्वारा भी विश्व हिंदू परिषद के साथ मिलकर एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जहां पर दोपहर बाद मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने स्वयं पहुंचकर मेहंदी लगाने वाली कार्यकर्ता बहनों का सम्मान किया और स्वयं इस कार्यक्रम में मेहंदी लगवा कर हिंदू तन मन – हिंदू जीवन के ध्येय को चरितार्थ किया। मेहंदी लगवाते हुए पत्रकारों से बात करते हुए मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने कहा विश्व हिंदू परिषद सदैव ही सनातन की रक्षा के लिए और हिंदू संस्कृति को बढ़ाने और जागृत रखने में सदैव प्रयासरत रहता है। विश्व हिंदू परिषद द्वारा मेहंदी लगाने के इन कार्यक्रमों द्वारा हिंदुओं का अपने त्यौहार और व्रत के प्रति विश्वास और प्रबल होता और इसके साथ ही साथ अपने त्यौहारों को पवित्रता और सुचिता से मनाने की भावना भी और प्रगाढ़ होगी। नारी शक्ति का सम्मान करते हुए विश्व हिंदू परिषद द्वारा कार्यकर्ता बहनों के आत्मविश्वास और में स्वावलंब की भावना को बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास होते रहे हैं और आशा है आगे भी होते रहेंगे। विश्व हिंदू परिषद के सेवा प्रमुख विजय नारंग जी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद हर वर्ष दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति की कार्यकर्ता बहनों के माध्यम से करता है जिस की बहनों में स्वावलंब की भावना बड़े और हिंदू समाज की माता और बहनों को भी विधर्मियों से मेहंदी ना लगवानी पड़े। विश्व हिंदू परिषद जल्द ही अंबाला में मेहंदी लगाने का कार्य युवतियों और महिलाओं को सिखाएगा। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए विश्व हिंदू परिषद से जिला उपाध्यक्ष अशोक कक्कड़, विभाग संगठन मंत्री विकास बिश्नोई जिला सह मंत्री मोहित अहलूवालिया नगर विस्तारक कृष्ण जोशी, मुकेश, भाजपा संजय लाकड़ा, मोनू चावला, दीपांशु बंसल, कन्नू भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज गोयल,अमित जैन, राजीव, जैन, स्पर्श गोयल, सुभाष गोयल और दिनेश गॉड कार्यक्रम में मौजूद रहे।

---

# राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना के तहत विद्यार्थी 15 तक करवाएंगे पंजीकरण

- सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले प्रतिभाशाली निर्धन बच्चों का चयन कर किया जाएगा शैक्षिक विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शिक्षा मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थी आगामी 15 अक्तूबर तक पंजीकरण करवा पाएंगे। इस योजना का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले प्रतिभाशाली निर्धन बच्चों का चयन कर उनका शैक्षिक विकास करना हैं। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि इस योजना के तहत 30 नवंबर 2025 को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा सभी पंजीकृत बच्चों के लिए एक लिखित परीक्षा का आयोजन होगा। लिखित परीक्षा के अंतर्गत मानसिक एवं बौद्धिक योग्यता परीक्षण के दो भाग होंगे । प्रत्येक भाग में 90-90 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा और प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प होंगे।


जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा।

### मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति

परीक्षा में बैठने के लिए कक्षा आठवीं में पढ़ रहे सरकारी विद्यालयों के वे सभी विद्यार्थी पात्र होंगे जिन्होंने अपनी सातवीं कक्षा की परीक्षा सरकारी विद्यालय से कम से कम 55% अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो और परीक्षार्थी के माता -पिता की सभी स्रोतों से कुल वार्षिक आय 3,50,000 रुपये से कम हो। कालड़ा ने बताया कि इस परीक्षा के अंतर्गत पिछले वर्ष जिला अंबाला से 101 विद्यार्थियों का चयन हुआ था। इन सभी 101 विद्यार्थियों को 4 वर्षों के लिए 12,000 रूपए प्रतिवर्ष की दर से कुल 48,000 रूपए की राशि छात्रवृत्ति के रूप में मिलेगी। कालड़ा ने बताया कि इस वर्ष अभी तक इस परीक्षा के लिए जिले से 3200 विद्यार्थियों नें पंजीकरण करवाया है। उन्होंने कहा कि इस छात्रवृत्ति का लाभ उठाने के लिए जिले के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे सभी पात्र विद्याथियों का पंजीकरण करने बारे सभी सरकारी विद्यालयों के प्रमुखों को दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। पंजीकरण के लिए निर्धारित वेबसाइट व लिंक भी बता दिए गए हैं। जिन विद्यालयों में इस परीक्षा के लिए छात्र संख्या के मुकाबले कम पंजीकरण होगा उन से स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा जाएगा।

## विदेश भेजने के नाम पर 1.80 लाख की ठगी

**अंबाला ।** विदेश भेजने के नाम पर 1.80 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। पुलिस ने खुर्द गांव निवासी गुरमीत सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। गुरमीत सिंह ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता हैं। उनकी बेटी को आस्ट्रेलिया भेजने के लिए उनकी बात सुरता सिंग गांव निवासी सुखपाल सिंह से फोन पर हुई थी। इसके बाद सुखपाल सिंह ने उनसे 1.8 लाख रुपये मंगवाए थे जोकि उन्होंने ऑनलाइन तरीके से सोनिया कौर के बैंक खाते में डलवाए थे। लेकिन इसके बाद सुखपाल सिंह व सोनिया कौर ने उनकी बेटी को आस्ट्रेलिया में नहीं भेजा और वो उनसे लगातार झूठ बोलते रहे।

---

# साइंस क्विज में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीएवी पब्लिक विद्यालय अंबाला शहर में जिला स्तर पर साइंस क्विज आयोजित की गईइसमें अंबाला छावनी अंबाला शहर के सीबीएसई एफिलिएटिड विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। सर्वप्रथम सभी प्रतियोगियों का देव अंबाला के समक्ष स्क्रीनिंग टेस्ट हुआ। उसके पास कर प्रतियोगिता हुई जिसमें डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय के छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय राउंड गवर्नमेंट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुरुक्षेत्र में आयोजित किया गया। इसमें अंबाला,पंचकूला,कैथल, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र के कुल 25 विजेता टीमों ने स्क्रीनिंग टेस्ट में भाग लिया और डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय के प्रतिभागी चुने गए वास जोनल स्तर पर भी उन्होंने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार में 15000 नगद राशि वास सर्टिफिकेट विजेताओं को प्रदान किए गए। वास्तव में यह एक कठिन प्रतियोगिता थी। आगामी मास में सभी विजेता टीम राज्य स्तर पर इस प्रतियोगिता में भाग लेंगी।




### इस अवसर पर ये रहे मौजूद

विद्यालय की विज्ञान अध्यापिका संगीता महेश्वरी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर आरआर सूरी ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को -बहुत बधाई दी। विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं जसलीन कौर, आस्था व अमनदीप कौर।

# रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा: डॉ. रोहित दत्त

- जीएमएन कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर में 80 छात्रों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में वीरवार को यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रेड रिबन क्लब, स्पोर्ट्स विभाग, एनसीसी, एनएसएस तथा लायंस क्लब के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य, प्राध्यापक, विद्यार्थी तथा लायंस क्लब के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सेवा और समर्पण का वातावरण व्याप्त रहा। दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक कर्तव्य नहीं बल्कि यह मानवता की सर्वोच्च सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी अनमोल जीवन को बचा सकता है। यह किसी परिवार की खुशी किसी मां की मुस्कान और किसी नवयुवक के सपनों की उड़ान का कारण बन सकता है। रक्तदान वह कार्य है जिसमें देने वाला भी जीतता है, क्योंकि वह किसी और को जीवन देकर स्वयं को धन्य बनाता है। हमारे विद्यार्थियों को चाहिए कि वे समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर नियमित रूप से रक्तदान करें। युवा शक्ति ही राष्ट्र की सच्ची धरोहर है, और जब यह शक्ति करुणा व सेवा में लगती है, तब समाज में वास्तविक परिवर्तन आता है। रक्तदान के माध्यम से हम मानवीय संवेदनाओं का वह धागा मजबूत करते हैं। हमें एक-दूसरे से जोड़ता है और समाज को अधिक मानवीय बनाता है।


**अंबाला।** रक्तदान शिविर के दौरान कॉलेज प्रिंसिपल को सम्मानित करते हुए लायंस क्लब के पदाधिकारी।

### इस अवसर पर ये रहे मौजूद

इस अवसर पर लगभग 80 यूनिट रक्त का संकलन किया गया। यह विद्यार्थियों और स्टाफ की समाजसेवा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। इस शिविर का आयोजन अंजली वधावन की पावन स्मृति में किया गया। जो अपने समर्पण और सेवा भावना के लिए सदैव स्मरणीय रहेंगी। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल अस्पताल से डॉ. जोगिंदर, लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लॉयन दिनेश बत्रा, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी लॉयन आशीष अग्रवाल, जोन चेयरपर्सन लायन संजीव गुप्ता, प्रेसिडेंट लॉयन अजय गुप्ता, सेक्रेटरी लॉयन मौजूद रहे।

---

# 102 वर्षीय फूलचंद इसां ने स्वेच्छा से किया शरीर दान

- डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी होने की वजह से शरीर दान करने का किया था ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराडा

गांव सुभरी के 102 वर्षीय फूलचंद इसां ने जीवन के अंतिम क्षण तक समाजसेवा और मानवता की मिसाल पेश की। बुधवार को हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया, जिसके बाद उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार उनके पार्थिव शरीर को फरीदाबाद स्थित अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय मेडिकल कॉलेज को दान कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार फूलचंद इसां ने जीवनकाल में ही शरीरदान का संकल्प लिया था ताकि उनका शरीर मेडिकल शोध और शिक्षा में उपयोग हो सके।


**बराड़ा।** अर्थी को कंधा देती महिलाएं।

### मानव सेवा में किया जीवन व्यतीत

बुधवार शाम को गांव में भावुक माहौल के बीच उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। बेटियों कमलेश देवी इसां, गीता रानी इसां, किरण रानी और बाला देवी ने रूढ़िवाद को तोड़ते हुए पिता की अर्थी को कंधा दिया। फूलचंद ने करीब 50 वर्ष पूर्व पूज्य परम पिता से नाम लिया था। मानव सेवा में जीवन व्यतीत किया। उनके पुत्र रामकुमार इसां सतपाल इसां पून्नू राम और पोत्र भोला राम इसां ने बताया कि शरीरदान उनका जीवनभर का निर्णय था।

### अंतिम यात्रा के दौरान ये रहे मौजूद

अंतिम यात्रा के दौरान शाह सतनाम ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सदस्य भाई अशोक इसां, भोला राम इसां सतीश इसां ओमवेद इसां हरिचंद इसां, सुरिंदर इसां, गीता इसां, हरिंद्र इसां और परमजीत इसां समेत अनेक सदस्य मौजूद रहे। समिति के ओमवेद इसां ने कहा कि यह दान समाज में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देगा और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। ग्राम सरपंच अनिल कुमार ने बताया कि फूलचंद गांव के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति थे। उनके द्वारा किया गया शरीरदान पूरे गांव के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि बेटियों द्वारा अर्थी को कंधा देना समाज में समानता और संवेदनशीलता का सशक्त संदेश देता है।

## समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों अनिल कुमार लाठर एवं श्याम शुक्ला की अध्यक्षता में वीरवार को ऑब्जर्वेशन होम में बाल अधिकार संरक्षण से संबंधित एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों एवं स्टेक होल्डर्स ने भाग लिया। बैठक के दौरान आयोग के सदस्यों ने बाल संरक्षण, पोक्सो एक्ट, बाल मजदूरी, गुमशुदा बच्चों तथा बाल शोषण से जुड़े विषयों की जानकारी लेते हुए समीक्षा की। इसके साथ उन्होंने बाल संरक्षण को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की।

# पंचायती जमीन से अवैध हटाया

कालपी गांव में पंचायती जमीन पर कुछ लोगों ने किया था कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जगाधरी रोड गांव कालपी की पंचायती जमीन से प्रशासनिक अमले ने पुलिस बल के साथ को कब्जा हटाया। सरपंच रिंकू ने बताया कि कालपी में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डिस्पेंसरी बनाई गई थी, जिसकी बिल्डिंग काफी पुरानी होने के कारण इसे तोड़ दिया गया था। जेसीबी की मदद से कब्जा हटाकर जगह को खाली कराया गया। इस जगह पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सब हेल्थ सेंटर के निर्माण की मंजूरी मिल गई। इस जगह पर गांव के एक व्यक्ति द्वारा दुकान बनाई गई थी, जो पंचायती जमीन में थी। ड्रोन मैपिंग में भी यह जगह पंचायत के नाम दिखाई गई।

### पांच बार कब्जा हटाने का दिया जा चुका था नोटिस

सरपंच ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से उन्हें निर्देश मिले थे कि यहां से पंचायत कब्जा हटवाकर दे ताकि यहां सब हेल्थ सेंटर का निर्माण हो सके। पंचायत विभाग की ओर से डयूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर पंचायत विभाग के एसडीओ हरजिंद्र सिंह विभाग टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से कब्जा हटवाया। हरजिंद्र सिंह ने कहा कि कब्जाधारी को करीब पांच बार कब्जा हटाने के लिए विभाग की तरफ से टीम ने कहा था, लेकिन उसने कब्जा नहीं हटाया। इस अवसर पर ग्राम सचिव प्रवीण कुमार समेत अन्य पंचायत सदस्य भी मौजूद रहे।

---

## लॉर्ड कृष्णा कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**बराड़ा।** लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजूकेशन अधोया में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से विकसित भारत की दिशा में यवाओं भूमिका को उजागर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही भारत के स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### एडवोकेट रोहित जैन बोले, सरकार की लापरवाही से किसानों का करोड़ों का अनाज बारिश में सड़ा

# धान-बाजरा खरीद में घोटाले की जांच हाइकोर्ट के सीटिंग जज से करवाए सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रोहित जैन ने कहा है कि राज्य में धान और बाजरा खरीद प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए हैं । इसकी जांच हाइकोर्ट के सीटिंग जज से कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग की बार-बार दी गई चेतावनियों के बावजूद सरकार ने न तो मंडियों में अनाज की सुरक्षा की व्यवस्था की न ही खरीदी और उठान का समुचित प्रबंध किया। इसके चलते किसानों का करोड़ों रुपए का धान और बाजरा बारिश के कारण गिला हो गया। अब सड़ने की कगार पर है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट रोहित जैन ने कहा कि यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि किसानों के साथ खुला अन्याय है। उन्होंने मांग की कि सरकार को तुरंत प्रत्येक क्विंटल धान पर 500 रुपए का बोनस घोषित करना चाहिए। मुख्यमंत्री को अपनी घोषणा के अनुसार धान की खरीद 3100 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से सुनिश्चित करनी चाहिए।



### किसान सस्ते में धान को बेचने को हो रहे मजबूर

वास्तविकता यह है कि सरकार एमएसपी 2389 रुपए प्रति क्विंटल पर भी पूरी खरीद नहीं कर पा रही है। जो खरीद की जा रही है, उसमें भी नमी के बहाने किसानों के 150 से 400 रुपए प्रति क्विंटल तक काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मंडियों में लगभग 22 लाख मीट्रिक टन बाजरा पहुंच चुका है परंतु सरकार द्वारा इसकी खरीद मात्र 1.25 प्रतिशत तक सीमित कर दी गई है।

### बाजरा खरीद नीति पर रोष

सरकार द्वारा इस बार बाजरा की खरीद को मात्र '1.25 प्रतिशत' तक सीमित कर देने के फैसले से किसानों में गहरा रोष है। सीमित खरीद के कारण मंडियों में किसान अपने मेहनत के पसीने से उगाए गए बाजरे को 'एमएसपी 2775 रुपए प्रति क्विंटल' की बजाय '1500 से 2000 रुपए प्रति क्विंटल' तक के कम दामों में बेचने को मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि यह न केवल उनके साथ आर्थिक अन्याय है बल्कि उनकी मेहनत का खुला अपमान भी है। इस मुद्दे पर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट रोहित जैन ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में इससे पहले भी धान, बाजरा और सरसों की खरीद में करोड़ों रुपए के घोटाले सामने आ चुके हैं, लेकिन आज तक किसी भी दोषी अधिकारी या जिम्मेदार व्यक्ति पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि किसानों की दुर्दशा लगातार बढ़ रही है, और सरकार के फैसले उनके हितों के विपरीत साबित हो रहे हैं।